**Series : EFGH/S**

**SET~4**

रोल नं.
**Roll No.**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **53/S**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **19** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **26** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# कंप्यूटर एप्लीकेशन

# COMPUTER APPLICATIONS

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*

• • •

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है **: खण्ड क, ख, ग, घ** तथा **ङ** ।

*(ii)* **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान किया गया है ।

*(iii)* **खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **10** तक बहुविकल्पीय प्रश्न तथा प्रश्न संख्या **11** एवं **12** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं ।

*(iv)* **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **13** से **19** तक लघु-उत्तरीय (SA-I) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं ।

*(v)* **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय (SA-II) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं ।

*(vi)* **खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **24** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **4** अंकों के प्रश्न हैं ।

*(vii)* **खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **25** से **26** तक स्रोत-आधारित/प्रकरण-आधारित/पैसेज-आधारित मूल्यांकन प्रकार के **4** अंकों के प्रश्न हैं ।

## खण्ड क

**(सभी प्रश्न अनिवार्य हैं)** *12×1=12*

**1.** निम्नलिखित में से इंटरनेट पर रियल-टाइम टेक्स्ट कम्यूनिकेशन (Real-Time Text Communication) के लिए कौन-सी सेवा है ? *1*

(A) ई-लर्निंग (e-Learning)

(B) एफटीपी (FTP)

(C) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (Video Conferencing)

(D) चैट (Chat)

**2.** निम्नलिखित में से किस प्रोटोकॉल का उपयोग सुरक्षित रिमोट लॉगिन (Remote Login) के लिए किया जाता है ? *1*

(A) FTP (B) HTTPS

(C) TELNET (D) HTTP

**3.** वेब पेज के पृष्ठभूमि (background) का रंग सेट करने के लिए `<body>` टैग के कौन-से एट्रीब्यूट (attribute) का उपयोग किया जाता है ? *1*

(A) `text` (B) `bgcolor`

(C) `background` (D) `color`

**4.** वेब ब्राउज़र (Web Browser) का प्राथमिक कार्य क्या है ? *1*

(A) वेब पेज बनाना

(B) वर्ल्ड वाइड वेब (World Wide Web) की सामग्री प्रदर्शित करना

(C) वेब पेज प्रबंधन करना

(D) सुरक्षित डेटा ट्रांसमिशन (transmission) के लिए

• • •

***General Instructions :***

(i) *This question paper is divided into **five** sections – **Section A, B, C, D** and **E**.*

(ii) ***All** questions are **compulsory**. However, internal choices have been provided in some of the questions.*

(iii) *In **Section A**, questions number **1** to **10** are multiple choice questions (MCQs) and questions number **11** and **12** are Assertion – Reason based questions of **1** mark each.*

(iv) *In **Section B**, questions number **13** to **19** are short answer (SA-I) type questions of **2** marks each.*

(v) *In **Section C**, questions number **20** to **23** are short answer (SA-II) type questions of **3** marks each.*

(vi) *In **Section D**, question number **24** is long answer (LA) type question carrying **4** marks.*

(vii) *In **Section E**, questions number **25** to **26** are Source based / Case-based / Passage based assessment questions carrying 4 marks each.*

## SECTION A

**(All questions are compulsory)** *12×1=12*

**1.** Which of the following is a service for real-time text communication on the internet ? *1*

(A) e-Learning
(B) FTP
(C) Video conferencing
(D) Chat

**2.** Which of the following protocol is used for secure remote login ? *1*

(A) FTP (B) HTTPS
(C) TELNET (D) HTTP

**3.** Which attribute of the **`<body>`** tag is used to set the background color of a web page ? *1*

(A) **`text`** (B) **`bgcolor`**
(C) **`background`** (D) **`color`**

**4.** What is the primary function of a web browser ? *1*

(A) To create web pages
(B) To display the content of World Wide Web
(C) To manage web pages
(D) For secure data transmission

• • •

**5.** वेब सर्वर (Web Server) __________ । *1*

(A) एक प्रोग्राम है जो फाइलें डाउनलोड करता है

(B) वेब ब्राउज़र (Web Browser) का एक प्रकार है

(C) सुरक्षित संचार के लिए उपयोग किया जाने वाला प्रोटोकॉल (protocol) है

(D) वेब पेज संग्रहीत और डिलीवर करने वाला एक कंप्यूटर है

**6.** TCP/IP में TCP का विस्तारित रूप क्या है ? *1*

(A) Transmission Control Protocol

(B) Transmission Central Protocol

(C) Transfer Control Protocol

(D) Transport Central Protocol

**7.** एचटीएमएल (HTML) दस्तावेज़ में लाइन ब्रेक (Line Break) के लिए किस टैग का उपयोग किया जाता है ? *1*

(A) `<lb>` (B) `<break>`

(C) `<br>` (D) `<newline>`

**8.** वेब एड्रेस (Web Address) में `'https'` का क्या तात्पर्य है ? *1*

(A) वेबसाइट एक स्थानीय सर्वर पर होस्ट की गई है

(B) वेबसाइट एक सर्च इंजन (search engine) है

(C) वेबसाइट मानक HTTP प्रोटोकॉल का उपयोग करती है

(D) वेबसाइट एन्क्रिप्शन (encryption) का उपयोग करके सुरक्षित है

**9.** फ़ाइल डाउनलोड करने का क्या अर्थ है ? *1*

(A) हमारे स्थानीय उपकरण से दूरस्थ सर्वर पर फ़ाइलें स्थानांतरित करना

(B) दूरस्थ सर्वर से हमारे स्थानीय उपकरण में फ़ाइलें कॉपी करना

(C) ऑनलाइन वीडियो देखना

(D) दूरस्थ सर्वर पर फ़ाइलों को संशोधित करना

**10.** एचटीएमएल टेबल (HTML Table) में **rowspan** एट्रीब्यूट (attribute) का क्या उद्देश्य है ? *1*

(A) कई कॉलम को एक में संयोजित करना

(B) टेबल के लिए एक हेडर (शीर्ष लेख) बनाना

(C) सेल को कई पंक्तियों में फैलाना

(D) पंक्तियों के बीच स्पेस जोड़ना

• • •

**5.** A web server is ____________. *1*

(A) A program that downloads files

(B) A type of web browser

(C) A protocol used for secure communication

(D) A computer that stores and delivers web pages

**6.** What is the expanded form of TCP in TCP/IP ? *1*

(A) Transmission Control Protocol

(B) Transmission Central Protocol

(C) Transfer Control Protocol

(D) Transport Central Protocol

**7.** Which tag is used to create a line break in an HTML document ? *1*

(A) **`<lb>`** (B) **`<break>`**

(C) **`<br>`** (D) **`<newline>`**

**8.** What does the **`'https'`** in a web address indicate ? *1*

(A) The website is hosted on a local server

(B) The website is a search engine

(C) The website uses standard HTTP protocol

(D) The website is secure using encryption

**9.** What is the meaning of downloading a file ? *1*

(A) Transferring files to a remote server from our local device

(B) Copying files from a remote server to our local device

(C) Watching videos online

(D) Modifying files on a remote server

**10.** What is the purpose of the **`rowspan`** attribute in an HTML table ? *1*

(A) To combine multiple columns into one

(B) To create a header for the table

(C) To make a cell span across multiple rows

(D) To add space between rows

• • •

*प्रश्न संख्या **11** और **12** अभिकथन और तर्क प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में दो कथन हैं, अर्थात् अभिकथन (A) और तर्क (R)। अभिकथन और तर्क पर विचार करते हुए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।*

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण तर्क (R) है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परंतु अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण तर्क (R) ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु तर्क (R) सही है।

**11.** *अभिकथन (A) :* रिमोट लॉगिन (Remote Login) के लिए TELNET की तुलना में SSH को प्राथमिकता दी जाती है।

*तर्क (R) :* SSH TELNET से अधिक सुरक्षित है क्योंकि यह डेटा की सुरक्षा के लिए एन्क्रिप्शन (encryption) का उपयोग करती है। *1*

**12.** *अभिकथन (A) :* CSS, `table` टैग का एक एट्रीब्यूट (attribute) है और वेब पेज पर Tables को स्टाइल करने के लिए उपयोग किया जाता है।

*तर्क (R) :* CSS का उपयोग एचटीएमएल (HTML) दस्तावेज़ में फ़ॉन्ट, रंग, और स्पेस जैसी स्टाइल्स को लगाने के लिए किया जाता है। *1*

## खण्ड ख

*7×2=14*

**13.** बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Rights) क्या हैं ? कोई दो प्रकार के बौद्धिक संपदा अधिकारों के नाम बताइए। *2*

**14.** (क) ई-लर्निंग (e-Learning) क्या है ? ई-लर्निंग का कोई एक फायदा बताइए। *2*

**अथवा**

(ख) मोबाइल सेवाओं में 3G और 4G प्रौद्योगिकियों के बीच एक अंतर बताइए। *2*

*Questions No. **11** and **12** are Assertion and Reason type questions. Each question consists of two statements, namely, Assertion (A) and Reason (R). Select the most suitable option considering the Assertion and Reason.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**11.** *Assertion (A) :* SSH is preferred over TELNET for remote login.

*Reason (R) :* SSH is more secure than TELNET as it uses encryption to protect data. *1*

**12.** *Assertion (A) :* CSS is an attribute of the `table` tag and is used to style tables on a web page.

*Reason (R) :* CSS is used to apply styles, such as fonts, colors, and spacing in an HTML document. *1*

## SECTION B *7×2=14*

**13.** What are Intellectual Property Rights ? Mention names of any two types of Intellectual Property Rights. *2*

**14.** (a) What is e-Learning ? Give any one advantage of e-Learning. *2*

**OR**

(b) Give one point of difference between 3G and 4G technologies in mobile services. *2*

• • •

**15.** बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या ग़लत : *2*

(i) **`link`** (लिंक) एट्रीब्यूट (attribute) का उपयोग विजिटेड लिंक (visited link) के रंग को परिभाषित करने के लिए किया जाता है।

(ii) **`title, <head>`** टैग का एट्रीब्यूट (attribute) है।

(iii) **`<line>`** टैग का उपयोग वेब पेज में एक क्षैतिज रेखा (horizontal line) अंतर्विष्ट करने के लिए किया जाता है।

(iv) **`<font>`** टैग का **`face`** एट्रीब्यूट (attribute), फ़ॉन्ट का नाम निर्दिष्ट करता है।

**16.** (क) अरुण, जो एक वेब डिज़ाइनर है, एक वेब पेज बना रहा है जिसमें वह **`'Python.jpg'`** नामक क्लिक करने योग्य इमेज अंतर्विष्ट करना चाहता है। इमेज को वेब पेज वाले फोल्डर में ही संग्रहीत किया गया है । वह चाहता है कि इमेज लिंक उपयोगकर्ताओं को **`"https://www.python.com"`** पर ले जाए। उसकी मदद करने के लिए वेब पेज का एचटीएमएल कोड (HTML Code) लिखिए। *2*

**अथवा**

(ख) Items C, Java और Python की, 5 से शुरू होकर 7 पर समाप्त होने वाली, एक क्रमवार सूची बनाने के लिए एचटीएमएल कोड (HTML Code) लिखिए। *2*

**17.** निम्नलिखित एचटीएमएल (HTML) एट्रीब्यूट्स (attributes) को स्पष्ट कीजिए : *2*

(i) **`<img>`** tag का **`ALT`** attribute

(ii) **`<body>`** tag का **`alink`** attribute

• • •

**15.** State whether the following statements are True or False : *2*

(i) The `link` attribute is used to define the color of visited links.

(ii) `title` is an attribute of `<head>` tag.

(iii) The `<line>` tag is used to insert a horizontal line in a web page.

(iv) The `face` attribute of the `<font>` tag specifies the font name.

**16.** (a) Arun, a web designer, is creating a web page and wants to add a clickable image named '`Python.jpg`'. The image is stored in the same directory as the web page. He wants the image link should direct users to "`https://www.python.com`". Write the HTML code to help him to create the web page. *2*

**OR**

(b) Write HTML code to create an ordered list with items C, Java, and Python starting from 5 and ending at 7. *2*

**17.** Explain the following HTML attributes : *2*

(i) `ALT` attribute of `<img>` tag

(ii) `alink` attribute of `<body>` tag

**18.** (क) एक प्रैक्टिकल परीक्षा के दौरान, रवि को अधूरा एचटीएमएल कोड (HTML Code) दिया गया है । दिए गए निर्देशों के अनुसार रिक्त स्थानों को भरकर, कोड को पूरा करने में उसकी मदद कीजिए। *2*

```
<html>
<head><title>_________</title></head> <!--Line 1-->
<body __________ = "flowers.jpeg">    <!--Line 2-->
  <h1> welcome</h1>
  <ul__________>                      <!--Line 3-->
      <li> drinks</li>
      <li> desserts</li>
  <ul>
<hr__________= "50%">                 <!--Line 4-->
</body>
</html>
```

(i) लाइन 1 : पृष्ठ का शीर्षक **"My page"** होना चाहिए।

(ii) लाइन 2 : वेब पेज की पृष्ठभूमि में **"flowers.jpeg"** का चित्र होना चाहिए।

(iii) लाइन 3 : सूची तत्त्व (list elements) में बुलेट के रूप में पूरित वर्ग (filled square) होना चाहिए।

(iv) लाइन 4 : क्षैतिज रेखा की चौड़ाई की माप (value) **50%** होनी चाहिए।

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित CSS कोड को दिए गए निर्देशों के अनुसार रिक्त स्थान भरकर पूरा कीजिए। *2*

```
<html>
<head>
<style>
body {
  __________; <!-- Line 1 -->
}
h4 {
  __________: blue; <!-- Line 2 -->
  font-size:24px;
  __________; <!-- Line 3 -->
}
__________    <!-- Line 4 -->
</head>
</html>
```

• • •

**18.** (a) During a Practical exam, Ravi has been assigned an incomplete HTML code. Help him by filling the blanks according to the specifications provided. *2*

```
<html>
<head><title>__________</title></head>  <!--Line 1-->
<body ___________ = "flowers.jpeg">     <!--Line 2-->
  <h1> welcome</h1>
  <ul___________>                       <!--Line 3-->
       <li> drinks</li>
       <li> desserts</li>
  <ul>
<hr___________= "50%">                  <!--Line 4-->
</body>
</html>
```

(i) Line 1 : The title of the page should be "**`My Page`**".

(ii) Line 2 : The web page should have the image "**`flowers.jpeg`**" in its background.

(iii) Line 3 : The list elements should have a filled square as a bullet.

(iv) Line 4 : The horizontal line should have value of width as **`50%`**.

**OR**

(b) Complete the following CSS code by filling in the blanks according to the given specifications. *2*

```
<html>
<head>
<style>
body {
  ___________; <!-- Line 1 -->
}
h4 {
  ___________: blue; <!-- Line 2 -->
  font-size:24px;
  ___________; <!-- Line 3 -->
}
___________  <!-- Line 4 -->
</head>
</html>
```

• • •

(i) लाइन 1 : पेज की पृष्ठभूमि का रंग **गुलाबी** होना चाहिए।

(ii) लाइन 2 : **h4** टेक्स्ट का फ़ॉन्ट रंग **नीला** होना चाहिए।

(iii) लाइन 3 : **h4** टेक्स्ट के चारों ओर का मार्जिन **20px** होना चाहिए।

(iv) लाइन 4 : रिक्त स्थान को समापन स्टाइल टैग (closing style tag) का उपयोग करके भरिए।

**19.** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क्या है ? वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपयोग करने का एक लाभ बताइए। *2*

**खण्ड ग** *4×3=12*

**20.** निम्नलिखित एचटीएमएल (HTML) कथन सही तरह से नहीं लिखे गए हैं। रेखांकित सुधारों के साथ सही कथनों को पुन: लिखिए। प्रत्येक कथन का वांछित उद्देश्य उसके नीचे उल्लेखित है। *3*

(i) **<img href="image.jpg" width="300">**

**<!--** इमेज पाथ **"image.jpg"** होना चाहिए, और इमेज की चौड़ाई **300** पिक्सल होनी चाहिए **-->**

(ii) **<font height="18">**

**<!-- font** का **size 18 points** होना चाहिए **-->**

(iii) **<a mail="info@cbse.gov.in">Send Email</a>**

**<!--** लिंक उपयोगकर्ता के पूर्वनिर्धारित ईमेल एप्लीकेशन को ओपन करना चाहिए जिससे कि **info@cbse.gov.in** पर ईमेल भेजा जा सके **-->**

**21.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *3*

(i) वेब क्लाइंट (Web client) का मुख्य कार्य क्या है ?

(ii) न्यूज़ग्रुप (Newsgroup) को परिभाषित कीजिए। अपने उत्तर के समर्थन में एक उदाहरण दीजिए।

**22.** (क) अर्चित ने अपनी माँ को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देने के लिए एक web page बनाया है जिसमें अनेक चित्र और रंगीन text हैं। निम्नलिखित अनुदेशों को अपनाकर उसके web page में Audio जोड़ने में उसकी मदद कीजिए : *3*

(i) ऑडियो फ़ाइल का नाम **"birthday.mp3"** है।

(ii) Play, Pause और Volume जैसे ऑडियो नियंत्रक (Audio Controls) दिखाई देने चाहिए।

(iii) ऑडियो loop में चलते रहना चाहिए।

**अथवा**

• • •

(i) Line 1 : The background color of the page should be **`pink`**.

(ii) Line 2 : The font color of the **`h4`** text should be **`blue`**.

(iii) Line 3 : The margin around the **`h4`** text should be **`20px`**.

(iv) Line 4 : Fill the blank using the closing style tag.

**19.** What is video conferencing ? Mention one advantage of using video conferencing. *2*

## SECTION C *4×3=12*

**20.** The following HTML statements are not written properly. Re-write the correct statements with underlined corrections. The desired purpose of each statement is mentioned under it. *3*

(i)
```
<img href="image.jpg" width="300">
<!-- The image path should be "image.jpg", and the image width should be 300 pixels.-->
```

(ii)
```
<font height="18">
<!-- The size of font should be 18 points-->
```

(iii)
```
<a mail="info@cbse.gov.in">Send Email</a>
<!-- The link should open user's default email application to send an email to info@cbse.gov.in-->
```

**21.** Answer the following questions : *3*

(i) What is the main function of a web client ?

(ii) Define a Newsgroup. Give one example to support your answer.

**22.** (a) Archit has created a web page with lots of images and colourful text to wish Happy Birthday to his mother. Help him to add audio to his web page by following the given instructions : *3*

(i) Name of the audio file is **`"birthday.mp3"`**

(ii) The audio controls like Play, Pause and Volume should be visible.

(iii) The audio should keep playing in a loop.

**OR**

(ख) निम्नलिखित विवरण सूची (Description List) बनाने के लिए उपयुक्त HTML Code लिखिए : *3*

HTML
    Hypertext Markup Language
    Used for creating web pages

**23.** (क) वेब पेज पर निम्नलिखित टेक्स्ट (text) प्रदर्शित करने के लिए उपयुक्त एचटीएमएल कथन (HTML statements) लिखिए :

(i) $H_2SO_4$

(ii) $(A+B+C)^3$

(ख) HTML में किसी एक empty element और एक container element का नाम लिखिए। *2+1=3*

**खण्ड घ**

**24.** (क) दिए गए निर्देशों को ध्यान में रखते हुए नीचे दिखाए गए वेब पेज को डिज़ाइन करने के लिए एचटीएमएल कोड (HTML Code) लिखिए : *4*

## User Details

Name : [ ]

Gender : ○ Male ○ Female ○ Other

Hobbies :

☐ Reading

☐ Travelling

☐ Cooking

**विनिर्देशन-1 :** वेब पेज का title **"User Information Form"** होना चाहिए, और वेब पेज को उचित एचटीएमएल संरचना (HTML structure) का पालन करना चाहिए।

**विनिर्देशन-2 :** फॉर्म में उपयोगकर्ता का नाम इनपुट करने के लिए एक टेक्स्टबॉक्स (Textbox) शामिल होना चाहिए।

**विनिर्देशन-3 :** फॉर्म में Gender के चयन करने के लिए तीन रेडियो बटन (Male, Female और Other) प्रदान किए जाने चाहिए।

**विनिर्देशन-4 :** फॉर्म में Hobbies के लिए तीन चेकबॉक्स (Reading, Travelling, एवं Cooking) प्रदर्शित होने चाहिए।

**अथवा**

• • •

(b) Write suitable HTML Code to create following description list : *3*

HTML

  Hypertext Markup Language

  Used for creating web pages

**23.** (a) Write suitable HTML statements to display the following text on a web page :

(i) $H_2SO_4$

(ii) $(A+B+C)^3$

(b) Name any one empty element and any one container element in HTML. *2+1=3*

**SECTION D**

**24.** (a) Write HTML code to design the web page as shown below considering the given specifications : *4*

## User Details

Name : [ ]

Gender : ○ Male ○ Female ○ Other

Hobbies :

☐ Reading

☐ Travelling

☐ Cooking

**Specification-1 :** The web page title should be set to "`User Information Form`," and the web page should follow proper HTML structure.

**Specification-2 :** The form should include a Textbox to input the user's name.

**Specification-3 :** The form should provide three radio buttons (Male, Female, and Other) for selecting Gender.

**Specification-4 :** The form should display three checkboxes (Reading, Travelling, and Cooking) for Hobbies.

**OR**

• • •

(ख) दिए गए विनिर्देशनों को ध्यान में रखते हुए वेब पेज पर निम्नलिखित तालिका इन्सर्ट करने के लिए एचटीएमएल कोड लिखिए : *4*

<table>
<tr><th colspan="3"><u>MY SHOPPING LIST</u></th></tr>
<tr><th>CATEGORY</th><th>NAMES</th><th>QUANTITY</th></tr>
<tr><td rowspan="2">APPAREL</td><td>SHIRT</td><td>FOUR</td></tr>
<tr><td>TROUSERS</td><td>TWO</td></tr>
<tr><td>SHOES</td><td>SNEAKERS</td><td>ONE</td></tr>
</table>

**विनिर्देशन-1 :** `"MY SHOPPING LIST"` का text सभी तीन कॉलमों के साथ तालिका (table) के शीर्षस्थ पंक्ति (top row) में होना चाहिए।

**विनिर्देशन-2 :** तालिका में 3 कॉलम और 5 पंक्तियाँ (Rows) होनी चाहिए जिसमें विनिर्देशन में दिए गए अनुसार पहली पंक्ति में तालिका शीर्षक होना चाहिए।

**विनिर्देशन-3 :** दूसरी पंक्ति में table header (उपशीर्ष) प्रदर्शित होने चाहिए और अंतिम तीन पंक्तियों को दिखाए गए अनुसार Shopping data प्रदर्शित करने चाहिए।

## खण्ड ङ
## केस-स्टडी

*2×4=8*

**25.** सुश्री काव्या, जो बहुत अधिक ऑनलाइन शॉपिंग करती है, को एक नई वेबसाइट मिली जिसमें ब्रांडेड उत्पादों पर भारी छूट मिल रही थी। उन्होंने कई उत्पाद खरीद लिए क्योंकि ऑफर बहुत अच्छे लग रहे थे। अपने क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने के बाद, उन्होंने पाया कि कोई भी उत्पाद संभावित डिलीवरी तिथि तक डिलीवर नहीं हुआ। जब उन्होंने ग्राहक सेवा नंबर पर कॉल करने की कोशिश की, तो उन्होंने पाया कि फोन नंबर मान्य नहीं था। सुश्री काव्या ने महसूस किया कि उन्हें धोखा दिया गया है और यह सोच कर चिंतित हो गईं कि उसका क्रेडिट कार्ड विवरण भी अनधिकृत लोगों तक पहुँच गया होगा।

(b) Write the HTML code to insert the following table on the web page considering the given specifications : *4*

| **MY SHOPPING LIST** | | |
|---|---|---|
| **CATEGORY** | **NAMES** | **QUANTITY** |
| APPAREL | SHIRT | FOUR |
| | TROUSERS | TWO |
| SHOES | SNEAKERS | ONE |

**Specification-1 :** The text `"MY SHOPPING LIST"` should be in the top row of the table spanning all three columns.

**Specification-2 :** The table should have 3 columns and 5 rows, with first row containing table heading as given in specification.

**Specification-3 :** The second row should display the table header and the next three rows should display the shopping data as shown.

## SECTION E

### Case-Study

*2×4=8*

**25.** Ms. Kavya, who shops online a lot, found a new website with huge discounts on branded products. She bought several items because the deals seemed too good to miss. After paying with her credit card, she found that none of the items arrived by the tentative delivery date. When she tried to call the customer service number, she found that the phone number was invalid. Ms. Kavya realized she had been scammed and got worried thinking that her credit card details might have been compromised as well.

• • •

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

(i) इंटरनेट पर उत्पादों और सेवाओं को खरीदने और बेचने की प्रक्रिया को किस नाम से जाना जाता है ?

(ii) उत्पादों को खरीदने से पहले सुश्री काव्या को कौन-सी एक सावधानी बरतनी चाहिए थी ?

(iii) धोखाधड़ी का पता चलने के बाद सुश्री काव्या को अपने क्रेडिट कार्ड के दुरुपयोग को रोकने के लिए कौन-सी एक कार्रवाई तत्काल करनी चाहिए ?

(iv) सुश्री काव्या को वेबसाइट के पते पर कौन-सी एक सुरक्षा सुविधा (security feature) देखनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ट्रांज़ैक्शन (लेनदेन) सुरक्षित हैं ?

**26.** सुश्री श्रेया एक स्कूल शिक्षिका के रूप में काम करती हैं और हाल ही में अपने छात्रों के लिए उन्होंने ऑनलाइन कक्षाएँ (online classes) शुरू की हैं। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म (digital platform) का उपयोग करते समय अच्छे व्यवहार के महत्त्व पर जोर दिया। यद्यपि, कुछ छात्रों ने उनके निर्देशों की अनदेखी करते हुए, कक्षा चैट में अनुचित टिप्पणियाँ पोस्ट करना शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, कुछ छात्रों ने लेखक की अनुमति के बिना ही पाठ्यक्रमों के सशुल्क नोट्स (paid notes) साझा करना शुरू कर दिया। सुश्री श्रेया इस व्यवहार के बारे में चिंतित हैं।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

(i) सुश्री श्रेया ने अपने छात्रों को ऑनलाइन अच्छे व्यवहार के महत्त्व के बारे में पढ़ाया। अच्छे ऑनलाइन व्यवहार के लिए प्रयुक्त होने वाले शब्द को लिखिए।

(ii) कोई दो अच्छी व्यवहार पद्धतियाँ लिखिए जिनका ऑनलाइन काम करते हुए व्यक्ति को पालन करना चाहिए।

(iii) बिना अनुमति के पाठ्यक्रम के सशुल्क नोट्स साझा करना ________ उल्लंघन (violation) का उदाहरण है।

(iv) यदि छात्र बिना अनुमति के दूसरों की सामग्री साझा करना जारी रखते हैं, तो उन्हें कौन-सा एक परिणाम भुगतना पड़ सकता है ?

• • •

Based on the above information, answer the following questions : *4*

(i) What is the term used for the process of buying and selling goods and services over the internet ?

(ii) Mention any one precaution that Ms. Kavya should have taken before purchasing the items.

(iii) Mention any one immediate action that Ms. Kavya should take to prevent the misuse of her credit card after discovering the fraud.

(iv) Mention any one security feature that Ms. Kavya should look on the address of a website to ensure that transactions are secure.

**26.** Ms. Shreya works as a school teacher and recently introduced online classes to her students. She emphasized the importance of good behaviour while using digital platforms. However, some students have started posting inappropriate comments in the class chat, ignoring her instructions. Additionally, a few students began sharing notes of paid courses without taking author's permission. Ms. Shreya is concerned about this behaviour.

Based on the above information, answer the following questions : *4*

(i) Ms. Shreya taught her students about the importance of good behaviour online. Write the term used for good online behaviour.

(ii) Write any two good practices that one should follow while working online.

(iii) Sharing notes of paid courses without permission is an example of ________ violation.

(iv) Mention any one consequence that the students may face if they continue sharing other's content without permission.